सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# अपनी बात

अंक : 584 वर्ष 43 रांँची, 31 दिसम्बर, 2022





# श्री प्रमोद अग्रवाल, अध्यक्ष, सीआईएल ने सीसीएल मुख्यालय में समीक्षा बैठक की




सी.सी.एल. मुख्यालय में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते कोल इण्डिया लि. के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल

दिनांक 17 दिसम्बर को सी.सी.एल. मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने सी.सी.एल. के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक किया। बैठक में सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआई, श्री मनोज कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), सीसीएल, श्री बी. साईराम एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही सीसीएल के क्षेत्रों के महाप्रबंधक एवं अधिकारीगण ने वर्चुअल मोड से इस बैठक में भाग लिया।

समीक्षा बैठक में श्री प्रमोद अग्रवाल ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी उत्पादन पर विशेष ध्यान दें ताकि कंपनी अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके।

इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अध्यक्ष, कोल इंडिया श्री प्रमोद अग्रवाल का स्वागत करते हुये उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के कोयला उत्पादन, उपभोक्ताओं को कोयला आपूर्ति आदि की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया।

"खुद को परखना भी जरूरी है,
तभी तो पता चलेगा कि हम क्या–क्या कर सकते हैं।"
– स्वामी विवेकानन्द

# बाबासाहेब आम्बेडकर को उनकी 67वीं पुण्यतिथि पर सीसीएल में श्रद्धांजलि




बाबासाहेब अम्बेदकर को उनकी 67वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते सीएमडी सीसीएल श्री पीएम प्रसाद, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम, सीवीओ, श्री एस.के. सिन्हा एवं अन्य

दिनांक 06 दिसम्बर, 2022 को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 67वीं पुण्यतिथि पर सीएमडी सीसीएल श्री पीएम प्रसाद, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम, सीवीओ, श्री एस.के. सिन्हा सहित अधिकारियों, श्रमिक संघो के प्रतिनिधिगणों ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । मुख्यालय के साथ–साथ सीसीएल के सभी क्षेत्रों में महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया।

सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि आज हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जिसमें बाबासाहेब अम्बेडकर के विचारों का महत्वपूर्ण योगदान है, वे अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिये। उनसे हम सभी को प्रेरणा लेते हुये हमें अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सीसीएल का उद्देश्य देश की उर्जा आवश्यकता को पूरा करना है, कंपनी को जो लक्ष्य मिला है उसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (विधि), श्री पार्थो भट्टाचार्यजी, महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) सुश्री रश्मि दयाल, महाप्रबंधक (प्रशासन) श्री यू.पी. नारायण, महाप्रबंधक (एनईई) श्री मनोरंजन बरूआ सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य कर्मियों सहित कौंसिल प्रदेश अध्यक्ष सह महासचिव सीसीएल, श्री बृजकिशोर राम कौंसिल अध्यक्ष, सीसीएल), श्री राम शब्द राम, कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार, सर्वश्री संजय कुमार पासवान, अनिल शाहनी, आर.पी. सिंह, जितन मुण्डा, दिनेश कुमार, चरित्र राम, कल्याण पासवान, बसंत बाजपेयी एवं अन्य उपस्थित थे।

> “ मंजिल पाने की उम्मीद कभी मत छोड़िए
> क्योंकि सूरज डूबने के बाद ही दुबारा सवेरा होता है। ”
> – स्वामी विवेकानन्द

# सीसीएल के नये भवन को ‘4 स्टार रेटिंग’ से प्रमाणित किया गया




‘फोर स्टार रेटिंग’ के प्रमाण पत्र के साथ अधिकारीगण

सीसीएल मुख्यालय स्थित ‘न्यू बिल्डिंग’ को ‘4 स्टार रेटिंग’ मिला है। यह रेटिंग सचिव (एमओईएफ एंड सीसी), भारत सरकार एवं गणमान्य की उपस्थिति में गृह (एकीकृत आवास मूल्यांकन के लिए ग्रीन रेटिंग) के तहत ‘फोर स्टार रेटिंग’ के साथ प्रमाणित किया गया है। यह पूरे सीसीएल परिवार के लिए गर्व की बात है।

ज्ञातव्य हो कि गृहा (GRIHA) हरित भवनों के निर्माण के लिए एकीकृत आवास मूल्यांकन के लिए ग्रीन रेटिंग है । यह नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर.ई) की पहल है।

गृह द्वारा 4 स्टार रेटिंग प्राप्त यह भवन का क्षेत्र 12090.00 वर्ग मीटर है। भवन के दो भाग हैं– एक कन्वेंशन सेंटर है जिसमें 608 व्यक्तियों की क्षमता का एक सभागार है और दूसरा सीसीएल भवन है जिसमें सीएमडी, निदेशकगण के कार्यालय के साथ–साथ अन्य विभाग हैं।

भवन में सस्टेनेबल एवं हरित सामग्री जैसे फ्लाई ऐश, एलईडी लाइटिंग, वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो सिस्टम आदि का उपयोग किया गया है। साथ ही 50 किलोवाट की उत्पादन क्षमता वाली सौर प्रणाली स्थापित की गई है। भवन ऊर्जा एवं सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित है।

यह भवन सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी’एस) के दायित्व को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह जलवायु पर कम से कम प्रतिकूल प्रभाव बनाए रखने वाली विकास परियोजनाओं का एक उदाहरण है। यह कार्बन उत्सर्जन को लगभग 92.49 टन/वर्ष कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर कम करने में मदद करता है और कर सकता है। निकट भविष्य में संगठन के लिए कार्बन क्रेडिट प्राप्त करने के लिए संपत्ति में से एक हो सकता है।

**“ यदि आप वास्तव में अपना जीवन बदलना चाहते हैं तो हर दिन अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। ”**

**– स्वामी विवेकानन्द**

# सीसीएल को वित्तीय खातों की गुणवत्ता में बेहतर सुधार के लिए पुरस्कार

कोल इंडिया लिमिटेड में आयोजित निदेशक वित्त समन्वय बैठक में सीसीएल को वित्तीय वर्ष 2021–22 के वित्तीय खातों की गुणवत्ता में बेहतर सुधार के लिए पुरस्कार से नवाजा गया है। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल कोयला उत्पादन एवं प्रेषण के साथ–साथ अपने कार्यालयीन कार्य प्रबंधन की गुणवत्ता के प्रति भी काफी ध्यान देता है और उसमें लगातार साकारात्मक सुधार भी ला रहा है ताकि एक पारदर्शी कार्य संस्कृति स्थापित हो सके। इसी कड़ी में सीसीएल ने अपने वित्तीय खातों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कई अच्छे कदम उठाये हैं और उनके काफी सुधार किया है। सीसीएल के इसी पहल की सराहना करते हुए सीसीएल को पुरस्कार प्रदान किया गया।



निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा तथा अन्य अधिकारीगण पुरस्कार के साथ

सीआईएल के कार्यकारी निदेशक (वित्त/सीएफओ) श्री सुनील कुमार मेहता ने यह पुरस्कार सीसीएल को प्रदान किया। सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा ने यह पुरस्कार अपने हाथों से यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर सीसीएल के महाप्रबंधक (वित्त) श्री राजेन्द्र सिंह, निदेशक (वित्त) के तकनीकी सचिव डॉ. संजय सिंह एवं अन्य वरीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# सीसीएल के नये मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में श्री पंकज कुमार ने योगदान दिया



नये सीवीओ श्री पंकज कुमार का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद एवं निदेशक (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम

दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 को श्री पंकज कुमार ने सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) के रूप में अपना योगदान दिया। सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने सीसीएल परिवार की ओर से नए सीवीओ का स्वागत किया। श्री प्रसाद ने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि श्री पंकज कुमार के कुशल नेतृत्व में सतर्कता विभाग और सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। श्री पंकज कुमार अपना योगदान देने के बाद सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभाग के अधिकारियों और कर्मियों से मिलें।

ज्ञात हो कि श्री पंकज कुमार 2007 के इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विसेस (आईआरटीएस) अधिकारी हैं तथा इससे पूर्व वो धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीओएम थे।

# पोस्ट रिटायरमेंट से संबंधित कार्याशाल का आयोजन

दिनांक 22 दिसम्बर, 2022 को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में कार्याशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र के मार्गदर्शन में सेवानिवृत कर्मियों के लिए आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में पोस्ट रिटायरमेंट के बाद बेहतर से बेहतर जीवनपद्धति पर चर्चा किया गया। स्वास्थ्य एवं आर्थिक कड़ी को मजबूत रखते हुये जीवन की दूसरी पारी को अच्छे से बितान की सलाह दी गयी।

अवसर विशेष पर बैंक टीम द्वारा पोस्ट रिटायरमेंट के बाद पैसा का निवेश, बैंक द्वारा जारी विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, दिसम्बर महिनें में सेवानिवृत होने वाले कर्मी उपस्थित थे।



कार्यशाला का एक दृश्य

साथ ही सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से भी अधिकारीगण वचुर्अल मोड से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

दिनांक 05 नवम्बर को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस रांची में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष (राजभाषा), श्री संजय कुमार ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित राजभाषा के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

विभागाध्यक्ष (राजभाषा), श्री संजय कुमार ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि कार्यालय में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग पहले से बढ़ा है और इसी तरह इसमें वृद्धि में अपना–अपना योगदान देते रहना होगा।

सीसीएल मुख्यालय तथा क्षेत्रों द्वारा प्राप्त तिमाही रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण पावर प्वाइंट के माध्यम से राजभाषा विभाग के सहायक प्रबंधक, श्री दिविक दिवेश द्वारा किया गया। पूर्व में राजभाषा के लिए किये गये कार्यों की भी समीक्षा की गयी।

राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु कुजू क्षेत्र जबकि मुख्यालय में ई एण्ड एम विभाग को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभागाध्यक्ष (राजभाषा), सहायक प्रबंधक (राजभाषा) श्री बलिराम सिंह एवं अन्य का योगदान सराहनीय रहा।



तिमाही बैठक का एक दृश्य

# सीसीएल ने गोल्डेन गर्ल आशा किरण बारला को किया सम्मानित




गोल्डेन गर्ल सुश्री आशा किरण बारला को सम्मानित करते सीएमडी सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य

सीसीएल मुख्यालय में दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 को झारखण्ड के गुमला जिले की रहने वाली एथलिट सुश्री आशा किरण बारला को उनके शानदार उपलब्धियों के लिए सीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया। सीएमडी, सीसीएल श्री प्रसाद ने सुश्री बारला को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि सीसीएल आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है।

निदेशक (कार्मिक) श्री मिश्र ने कहा कि आप अपना अभ्यास जारी रखें जिससे कि भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में झारखण्ड राज्य तथा देश के लिए ज्यादा से ज्यादा पदक हासिल करने में आपको कामयाबी मिल सके।

बताते चलें कि सुश्री आशा किरण बारला ने एशिया लेवल पर कुवैत में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। सुश्री आशा किरण बारला ने 800 मीटर की दौड़ 2 मिनट 6 सेकंड में पूरा कर रिकॉर्ड बनाया है। वह देश की पहली एथलीट है जिसके नाम यह रिकॉर्ड है।

इसी तरह गुवाहटी में आयोजित 37वें नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप के आखिरी दिन 15 नवंबर को अंडर 20 गर्ल्स के 800 मीटर इवेंट में भी सुश्री आशा किरण बारला ने स्वर्ण पदक हासिल कर सभी को गौरवान्वित किया है। 2:08:85 का समय लेते हुए सुश्री आशा ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, केरल, मणिपुर, हरियाणा के खिलाडियों को पछाड़ते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया है।

सीसीएल अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत झारखण्ड के प्रतिभावान खिलाड़ियों की हर संभव मदद कर रहा है और जेएसएसपीएस के माध्यम से झारखण्ड राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ–साथ शिक्षा की भी सुविधा मुहैया करा रहा है। अवसर विशेष पर सीसीएल के कल्याण विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीमती रेखा पांडे एवं प्रबंधक (खेल) श्री आदिल हुसैन भी उपस्थित थे।

“ जब तक जीवन है, सीखते रहो क्यूंकि अनुभव ही सबसे श्रेष्ठ शिक्षक है। ”
– स्वामी विवेकानन्द

# सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में एबी मशीन का उद्घाटन




ए बी मशीन का उद्घाटन करतीं श्रीमती विमला प्रसाद एवं अन्य

सीसीएल कर्मियों सहित आमजन के लिए बेहतर से बेहतर चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 को सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल में सीएमडी, सीसीएल की धर्मपत्नी श्रीमती विमला प्रसाद ने ए बी मशीन का उद्घाटन किया। अवसर विशेष पर श्रीमती नीलू प्रसाद, श्रीमती रीता मिश्रा, डॉ. उत्पला चक्रवर्ती, सीएमएस, गांधीनगर अस्पताल डॉ. रत्नेश जैन एवं अन्य उपस्थित थे। एबी स्कैन मशीन किसी भी घाव/विकृति की उपस्थिति में आंख के विकारों का पता लगाने के लिए एक बेहतरिन उपकरण है जो ऑप्टिकल उपकरणों के उपयोग के माध्यम से आंखों की संरचनाओं के दृश्य को स्पष्ट करता है। यह आंख को स्कैन करने के लिए अल्ट्रासाउंड तरंगों का उपयोग करता है, जो स्क्रीनिंग की एक गैर–इनवेसिव विधि है।

सरकार एवं सभी स्टेकहोल्डर्स के सहयोग से सीसीएल अपने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री पी.एम. प्रसाद के कुशल नेतृत्व एवं निदेशकगण के मार्गदर्शन में सीसीएल कर्मियों सहित आमजन के लिए बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान के लिए प्रतिबद्ध है।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

दिनांक 09 दिसम्बर, 2022 को "वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है' के संदेश के साथ सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में "स्वैच्छिक रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया।

गांधीनगर के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पैथोलॉजीस्ट टीम की देख–रेख में आयोजित शिविर में कुल 19 यूनिट रक्तदान किया गया। सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह् एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान से पूर्व निर्धारित सभी मापदंडो को ध्यान में रखा गया था व रक्तदाताओं के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गयी थी।

शिविर को सफल बनाने में सीएमएसध्इंचार्ज, गांधीनगर, डॉ. रत्नेश जैन के नेतृत्व में पैथोलॉजी विभाग के चिकित्सक डॉ. ए.के. ठाकुर, डॉ. संजय कुमार केडिया, डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. खुशबू सरन, डॉ. श्रीमोई मुखर्जी, डॉ. मोहना मंडल सहित अस्पताल के नर्स, पारा–मेडिकल कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर

सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शनिवार दिनांक 17 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सा शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया गया। इस शिविर में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, नई दिल्ली के प्रख्यात डॉ. राजीव राठी, सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की जाँच की एवं उचित चिकित्सीय सलाह भी दिया। ज्ञात हो कि निःशुल्क हृदय संबंधित चिकित्सीय शिविर से सभी झारखंडवासियों ने लाभ उठाया।

सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद के नेतृत्व में सीसीएल ने अपने कर्मचारियों के साथ–साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल हर संभव प्रयास करता है ताकि यहां के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत न पड़े।

# सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई



सेवानिवृत कर्मियों के विदाई समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्य. रत 6 (छः) कर्मियों दृ सर्वश्री/श्रीमती रामजी कुमार सिंह, महाप्रबंक (खनन), समन्वय विभागय प्रभाष प्रसाद प्रभाकर, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम) आईईडी विभागय अबिनाश कुमार ठाकुर, महाप्रबंधक (एमएम), एमएम विभागय उमाशंकर चौहान, सब इंजीनियर (असैनिक), नगर प्रशासन विभागय शेखर सहाय, अकाउंटेंट ए–1, वित्त विभागय चद्रनाथ चट्रजी, कार्यालय अधीक्षक ए–1, प्रशासन विभाग को आज सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में ''सम्मान समारोह'' का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। दिसम्बर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 95 कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

अवसर विशेष पर सेवानिवृत कर्मियों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन 'सम्मान समारोह' के दौरान किया गया जिसके माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। फिल्म में सेवानिवृत कर्मियों ने कहा कि कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उतरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

सीएमडी,सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत कर्मियों को स्वागत करते हुए कहा कि आपकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता एवं दृढ़ विश्वास से आज कंपनी ने वह मुकाम हासिल किया जो अभूतपूर्व है। श्री प्रसाद ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि आज मुख्यालय, रांची से 6 कर्मी सहित कुल 95 कर्मी सीसीएल से औपचारिक रूप से सेवानिवृत हो रहें हैं जो एक बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के योगदान की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी अपने कार्यकाल में जहॉ भी पदस्थापित रहे वहॉ अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया और कंपनी को सुदृढ़ बनाने के साथ–साथ उच्चंतम मुकाम तक पहुंचाया इसके लिए हम आभारी है।

निदेशक तकनीकी (योजनाध्परियोजना) श्री बी. साईराम ने सेवानिवृत कर्मियों से कहा कि आप सभी एक लंबे अनुभव के साथ कंपनी से सेवानिवृत हो रहे हैं और आपने अपने तजुर्बे और अनुभव से कंपनी को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है और हम सभी आपके दिखाये हुए रास्ते पर कंपनी को और आगे ले जायेंगे।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

#TeamCCL felicitates the Golden Girl
Sri P.M.Prasad, CMD CCL and Sri H.N.Mishra Dir(P) felicitated Ms Asha Barla at CCL Hq, Ranchi
Ms Barla, who is from Gumla, won a gold medal in the 800 m race at the Asian Level in Kuwait and the National Junior Athletics Championship in Assam.



Ministry of Coal and 3 others

**Pralhad Joshi** @JoshiPralhad

Caring for Nature and wildlife is deep rooted in the Indian culture.
@CCLRanchi has undertaken a praiseworthy initiative to adopt wild animals from the Birsa Biological Park, Ranchi. Well done!
@PMOIndia @byadavbjp

**Central Coalfields Limited** · 07/12/22
सीसीएल द्वारा झारखंड चिड़ियाघर प्राधिकरण के साथ समझौते के तहत बिरसा जैविक उद्यान, राँची के दो बाघों एवं दो शेरों को 3 वर्षों के लिए गोद लिया गया है।इनके सम्यक पोषण एवं देखभाल पर कंपनी 36 लाख रुपए खर्च करेगा
#CclCsrInitiative
@JoshiPralhad @CoalMinistry @raosahebdanve @CoalIndiaHQ




**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

CCL was awarded for best improvement in the quality of financial accounts for FY 21-22 by Coal India Limited.

Director (Fin), CCL Sri Pawan Kumar Mishra and his team received the prize from CFO CIL Sri Sunil Kumar Mehta.

Congratulations #TeamCCL on the accomplishment.



**Central Coalfields Limited** @CCLRanchi

A moment of pride for #TeamCCL

The Convention centre and allied buildings at CCL Hq campus have been provisionally certified with a four star rating under GRIHA (Green rating for integrated habitat assessment), an initiative of the @mnreindia and the Energy resource institute




Office of Pralhad Joshi and 3 others

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)